# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : **secyusha09@gmail.com** **सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608**

**वेबसाइट : www.ushadoon.org**

**पत्रांक–      /** **दिनांक      फरवरी, 2015**

---

दिनांक 25.01.2015 को दोपहर 12:00 बजे सोसाईटी के क्लब हाऊस उषा कालोनी में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–

<u>उपस्थिति पंजिका में दर्ज बैठक में उपस्थिति</u> :–

1. अध्यक्ष – श्री सुभाष जोषी
2. उपाध्यक्ष – श्री एल0एम0 पन्त
3. आनरेरी सचिव – श्री एस0पी0 सुबुद्धि
4. श्री आर0के0 सुधान्शु – सदस्य
5. श्री ए0के0 राणा – सदस्य
6. श्रीमती आकांक्षा सिन्हा – सदस्या

<u>विशेष उपस्थिति</u> :–

1. श्री जे0के0 मेहता
2. श्री आर0 एस0 टोलिया
3. श्रीमती सुधा जोशी
4. श्रीमती मिनाक्षी जोशी
5. श्रीमती अनुराधा सुधान्शु

कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष – श्री एस0के0 भगत, उपाध्यक्ष, श्री सुरेन्द्र मेहरा, कोषाध्यक्ष कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये। विगत गोष्ठी में उल्लिखित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कृत कार्यवाही की अध्यावधिक जानकारी सचिव द्वारा दी गयी तत्पश्चात् निम्न बिन्दुओं पर सहमति बनी :–

**बिन्दु संख्या 01** – पिछली ई0सी0 मीटिंग के निर्णयानुसार क्लब के लिये एक टेबल टेनिस मेज क्रय की गयी।

**बिन्दु संख्या 02** – सोसाईटी के समस्त बिजली के खम्बों व टेलिफोन बक्सों व सडक किनारे बनी जैब्रा पट्टी पेंट करवा दिया गया है।

**बिन्दु संख्या 03 –** टेनिस कोर्ट पर टीन शैड लगवाने के सम्बन्ध में काफी विचार–विमर्श करने के बाद सदस्यों द्वारा निर्णय किया गया कि टीन शैड न बनवाकर क्लब हाउस के पास फूंस व बांस द्वारा तैयार हट बनवाया जाये जिसकी बनवाने की कार्यवाही सचिव द्वारा की जायेगी।

**बिन्दु संख्या 04 –** सोसाईटी के क्लब हाउस में रखी हुई बिलियर्डस की मेज को क्लब हाउस से हटाकर ZYM में रखवाने का निर्णय लिया गया जिसकी जिम्मेदारी श्री अमित सिन्हा द्वारा ली गयी।

**बिन्दु संख्या 05 –** सोसाईटी के सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि ZYM के रख–रखाओं व बैडमिन्टल हाल में खेलने के लिये यदि किसी सदस्य का कोई गेस्ट बाहरी मेहमान आता है तो उस सदस्य द्वारा प्रत्येक माह रू0 100/– की धनराशि जिम इन्जार्च श्री दिनेश कुमार को नकद कैश के रूप में देनी होगी जिसे इन्जार्च द्वारा सोसाईटी के कार्यालय में जमा कराना होगा।

**बिन्दु संख्या 06 –** सोसाईटी के सैन्ट्रल पार्क में एक एम0पी0 थैयटर बनाने का निर्णय लिया गया जिसे आगामी भविष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि के लिये प्रयोग किया जा सकेगा।

**बिन्दु संख्या 07 –** प्लाट सं0 11 श्री बी0एस0 सिद्धू भवन निर्माण हेतु स्टेट बैंक आफ इडिया से लोन लेने हेतु सोसाइटी NOC के लिये पत्र लिखा गया सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि MDDA से पास नक्से की एक प्रति व 6000/– पानी कनेक्शन की देय राशि का भुगतान करने के पश्चात् श्री सिद्धू को सोसाइटी की ओर से NOC दे दी जाये।

**बिन्दु संख्या 08 –** चार्टेड एकाउन्टेड के कार्यालय से प्राप्त AMC and Badminton Hall की बकाया धनराशि के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि ऐसे प्रत्येक सदस्य जिस पर बकाया धनराशि शेष दर्शायी गयी है को उक्त धनराशि हेतु नोटिस जारी किया जाये।

**बिन्दु संख्या 09 –** सोसाइटी द्वारा श्री ओमप्रकाश बमराडा सुपरवाईजर व श्री दिनेश कुमार क्लब इन्जार्च के वेतनमान में एक–एक हजार रूपये बढ़ाने की स्वीकृति दी गयी।

**बिन्दु संख्या 10 – अन्त में** सोसाइटी के सदस्यों द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह होने वाली सोसाइटी की ई0सी0 मीटिंग के पश्चात् Poold Lunch/Dinner करने का निर्णय लिया गया।

–हस्ता0–
(सुभाष जोषी)
अध्यक्ष,
उषा एसोसिएशन, देहरादून।

प्रतिलिपि–1– समस्त सदस्यगण
2– श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0